विधानसभा चुनाव : सवा 5 करोड़ मतदाता चुनेंगे 199 विधानसभा क्षेत्रों में विधायक

2.75 लाख कर्मचारी आज संपन्न करवाएंगे राजस्थान में मतदान

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान में नई सरकार चुनने के लिए 199 विधानसभा क्षेत्रों में आज सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे। प्रदेश के 51 हजार 507 मतदान केन्द्रों पर सवा 5 करोड़ से अधिक मतदाता अपना-अपना विधायक चुनने के लिए मतदान करेंगे। निर्वाचन विभाग ने मतदान से जुड़ी तैयारियां पूरी कर ली है, शुक्रवार को मतदान दल और सुरक्षा जाप्ता भी अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गया। इस बार 2.75 लाख कर्मचारी मतदान संपन्न करवाएंगे। सुरक्षा के एहतियात से 6247 सेक्टर अफसर तथा एक लाख से ज्यादा राजस्थान पुलिस, होम गार्ड व 700 कंपनियों के सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

राजस्थान के सबसे ऊंचे मतदान केन्द्र शेरगांव के लिए मतदान दल शुक्रवार को रवाना हुआ है। नवीन भवन विद्यालय से प्रशिक्षण के पश्चात सबसे पहले रवाना हुआ है। गुरुशिखर से करीब 17 किलोमीटर पैदल चलकर मतदान दल शेरगांव पहुंचेगा, जहां पर 118 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन विभाग की ओर से यहां पहली बार मतदान केंद्र बनाया गया है। इससे पूर्व शेरगांव के मतदाता 10 किलोमीटर पैदल चलकर उतरज में वोट डालने जाते थे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस बार विधानसभा चुनाव में 18 से 30 वर्ष की उम्र के 1.71 करोड़ मतदाता वोट डाल सकेंगे, इनमें भी 22.61 लाख युवा वोटर्स की उम्र 18 से 19 के बीच है। राज्य में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने के लिए मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए 51 हजार 507 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 10,501 मतदान केन्द्र शहरी क्षेत्र में और 41,006 ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए हैं। जिला स्तरीय कंट्रोल रुम से लाइव वेबकास्टिंग के जरिए मतदान केन्द्रों पर निगरानी रहेगी। प्रदेशभर में 65,277 बैलट यूनिट, 62,372 कंट्रोल यूनिट और 67,580 वीवीपैट मशीनें रिजर्व सहित मतदान कार्य में उपयोग ली जाएंगी।

उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए 6,287 माइक्रो आब्जर्वर और 6247 सेक्टर अधिकारी मय रिजर्व नियुक्त किए गए हैं, जो मतदान दलों से सतत समन्वय बनाकर किसी भी प्रकार की परेशानी का तत्काल निराकरण करेंगे। सभी सेक्टर अधिकारियों को एक-एक अतिरिक्त ईवीएम मशीन भी दी जाएगी। जो ईवीएम संबंधी खराबी की सूचना होने पर सुधार एवं रिप्लेसमेंट की कार्यवाही करेंगे। ईवीएम संबंधी खराबी के त्वरित निराकरण के लिए हर विधानसभा में दो-दो बेल के इंजीनियर भी मौजूद रहेंगे, जो सूचना प्राप्त होने पर शीघ्र केन्द्रों पर पहुंचेंगे। बेल इंजीनियर के पास भी एक-एक अतिरिक्त ईवीएम मशीन रहेगी।

गुप्ता ने बताया कि 2,74,846 मतदान कर्मी मतदान सम्पन्न कराएंगे। 7960 महिला मतदानकर्मी महिला प्रबन्धित मतदान केन्द्रों पर एवं 796 दिव्यांग मतदान कार्मिक दिव्यांग प्रबन्धित मतदान केन्द्रों पर कमान संभालेंगे। सभी मतदान बूथों पर मतदान हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है, जिसका लाभ लेते हुए वहां आने वाले दिव्यांगजन एवं 80 वर्ष की आयु के वरिष्ठ मतदाता अपना मत बिना किसी असुविधा के डाल सकते हैं।

प्रवीण गुप्ता ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए कुल 1,02,290 सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। कुल 69,114 पुलिस कर्मी, 32,876 राजस्थान होमगार्ड, फोरेस्ट गार्ड एवं आरएसी जवानों का बल तैनात किया गया है एवं की 700 कंपनियां तैनात की गयी है। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए मतदान दिवस पर सघन जांच एवं निगरानी के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 3 फ्लाइंग स्क्वॉड, 3 एसएसटी दल तैनात रहेंगे। व्यय संवेदनशील मतदान केन्द्रों में एक-एक अतिरिक्त एफएस और एसएसटी की तैनाती मतदान दिवस पर की जाएगी।

प्रत्येक मतदान केन्द्र पर कम से कम तीन क्यूआरटी की उपलब्धता रहेगी। गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब राज्यों से लगती 4850 किलोमीटर लम्बी अंतरराज्यीय सीमा पर बने चेकपोस्ट पर बाहरी अवांछित व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने के उद्देश्य से सीलिंग और चेकिंग की कार्वाई की जाएगी।

मतदान के लिए कुल 41,224 बड़े तथा छोटे वाहनों का अधिग्रहण किया गया है, जिससे मतदान दल, सुरक्षा कर्मी, ईवीएम मशीन तथा सेक्टर ऑफिसर के आने-जाने में सुगमता रहे।

राजस्थान के सबसे ऊंचे मतदान केन्द्र सिरोही के शेरगांव के लिए मतदान दल शुक्रवार को रवाना हुआ।

- **मतदान के दौरान 6247 सेक्टर अफसर तथा एक लाख से ज्यादा राजस्थान पुलिस, होम गार्ड व 700 कंपनियों के सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई**
- **इस बार विधायक चुनने के लिए 18 से 30 की उम्र के 1.71 करोड़ मतदाता डालेंगे वोट**
- **मतदान केन्द्रों पर बुजुर्ग व दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए व्हील चेयर मुहैया करवाई जाएगी**
- **राजस्थान के सबसे ऊंचे मतदान केन्द्र शेरगांव के लिए रवाना हुआ दल, यहां 118 मतदाता डालेंगे वोट**

प्रिया सेठ सहित तीनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

जयपुर जिले के सत्र न्यायालय ने प्रिया सेठ, उसके प्रेमी दीक्षांत कामरा और एक अन्य अभियुक्त लक्ष्य वालिया को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

जयपुर, (का.सं.)। जिले के सत्र न्यायालय ने डेटिंग ऐप के जरिए प्रेमजाल में फंसाकर युवक की हत्या करने के मामले में अभियुक्त प्रिया सेठ उसके प्रेमी दीक्षांत कामरा और एक अन्य अभियुक्त लक्ष्य वालिया को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्तों पर कुल चार लाख 53 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेन्द्र पारीक और परिवादी के अधिवक्ता संदीप लुहाडिया ने अदालत को बताया कि 3 मई, 2018 को रामेश्वर प्रसाद ने झोटवाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि उसका बेटा दुष्यंत शर्मा एक दिन पहले शाम को किसी काम का कहकर घर से निकला था। जब परिजनों के करने पर दुष्यंत ने थोडी देर बाद आने का कहा और बाद में उसका फोन बंद हो गया। तीन मई को सुबह दुष्यंत के मोबाइल से एक महिला ने फोन कर उससे दस लाख रुपए की फिरौती मांगी। इसके बाद उसने बैंक जाकर तीन लाख रुपए जमा कराए। रिपोर्ट पर कार्रवाई के दौरान पुलिस को दुष्यंत की हत्या होने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। पुलिस जांच में पता चला कि प्रिया सेठ अनैतिक कार्यों में लिप्त थी और उसने टिंडर ऐप पर दुष्यंत को अमीर आदमी समझकर फंसाया था। प्रिया और दुष्यंत के बीच कई दिनों से संबंध थे। प्रिया ने दुष्यंत को 2 मई को अपने फ्लैट पर बुलाया और तीनों अभियुक्तों ने मिलकर उसे बंधक बना लिया और उसके पिता को फोन कर दस लाख रुपए की फिरौती मांगी। वहीं बाद में तीनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी और शव को ट्रोली बैग में डालकर आमेर की पहाड़ियों में फेंक दिया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष प्रकरण में कुल 45 गवाहों के बयान दर्ज कराए हैं। जबकि अभियुक्तों ओर से किसी गवाह के बयान दर्ज नहीं कराए, बल्कि अभियोजन के गवाहों से ही उनके वकीलों ने जिरह की थी। सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने तीनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा और जुर्माना से दंडित किया है।

विजेताओं को किया सम्मानित

जयपुर। राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत आयोजित जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जिबिशन का शुक्रवार को उल्लासपूर्वक समापन हुआ। इस दौरान सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार, मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं में प्रथम पुरस्कार रजनीश माथुर, द्वितीय पुरस्कार विराट पालीवाल ने जीता। वहीं तन्मय असवा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। राजविंदर सिंह, सचिन गुप्ता, कीर्ति शर्मा को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार किड्स श्रेणी में कार्णिक शर्मा, देवयांशी, गुरमन सिंह विजेता रहे। स्पेशल फोटो का खिताब विवेक ककर और जर्नलिस्ट श्रेणी में मुकेश शर्मा विजेता रहे। इस अवसर पर आयोजन की सरंक्षक रेणुका कुमावत ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

साहित्य आज तक में प्रभात गोस्वामी शिरकत करेंगे

जयपुर। इंडिया टुडे मीडिया समूह के तत्त्वावधान में 24 से 26 नवंबर तक नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में अयोजित साहित्य महोत्सव साहित्य आजतक के लोकप्रिय मंच पर जयपुर के कमेंटेटर एवं व्यंग्यकार प्रभात गोस्वामी को आमंत्रित किया गया है। साहित्य,कला,संगीत,राजनीति और संस्कृति जैसे अनेक विषयों के अलावा पहलीबार क्रिकेट कमेंटरी पर रोचक चर्चा का सत्र भी होगा।

'अवैध मांस की दुकानों को बंद करवा देंगे'

जयपुर। सांगानेर विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी भजनलाल शर्मा को सांगानेर विधानसभा में रहने वाले विभिन्न हिंदू समाजों ने समर्थन दिया है। समाज प्रमुखों ने आव्हान किया की जो आज अयोध्या में राम को लाए हैं, हम उनकी सरकार को राजस्थान में स्थापित करेंगे। भजनलाल शर्मा ने कहा आज आपको अगले 5 वर्ष के लिए राजस्थान का भविष्य तय करना है क्या आप फिर से कांग्रेस के शासन में राजस्थान को बलात्कार, हत्या, लूट, पेपर लीक , बेरोजगारी, पेट्रोल कीमत में नम्बर एक, और सांगानेर विधानसभा में हज हाउस, मुस्लिम छात्रावास, अवैध मांस की दुकान जैसी समस्याओं से जूझ रही सांगानेर की जनता को चुनेंगे? या फिर खुशहाल सांगानेर और राजस्थान के लिए सुशासन वाली देश का विश्व में मान बढ़ाने वाले को चुनेंगे, फैसला आपका है।

आमजन से बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश की जनता से शनिवार को मतदान की अपील करते हुए कहा है कि आमजन अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर मतदान जरूर करें। राज्य की जनता का हर वोट महत्वपूर्ण और वह वोट ही अगले पांच साल के भविष्य का निर्धारण करेगा। जोशी ने प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा है कि हर व्यक्ति वोट देने के लिए जाए तो कांग्रेस सरकार के पिछले पांच सालों में किए गए कुकर्मों को अपने ध्यान में रखे। ऐसे में राजस्थान से भ्रष्टाचार समाप्त करने, तुष्टिकरण खत्म कर सामाजिक समरसता के लिए और राज्य के विकास के लिए बढ़-चढ़कर मतदान करें।

जोशी ने कहा कि राज्य में शनिवार को विधानसभा चुनावों के लिए होने वाले मतदान में प्रदेश की जनता भाजपा को प्रचण्ड बहुमत देने में अपनी भूमिका निभाएं। प्रदेश की जनता ने पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार के कुकर्मों और कुशासन से दुखी होकर इस सरकार को उखाड़ फैंकने का मन बना लिया है। इसके चलते प्रदेश में इस बार मतदान के दिन आमजन ईवीएम में कमल के सामने वाला बटन ऐसे दबाएंगे जैसे कांग्रेस नेताओं को सजा दे रहे हों। राजस्थान में आमजन को थानागाजी गैंगरेप पीड़िता की चीत्कार और भीलवाडा भट्टी कांड पीड़िता की कराह सोने नहीं दे रही है। ऐसे में ईवीएम में कमल के सामने वाला बटन दबाकर महिलाओं को सुरक्षित करने की दिशा में पहला कदम उठाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में पिछले पांच साल के कांग्रेस शासन में समाज का हर वर्ग कांग्रेस की नीतियों और भ्रष्टाचार से तंग रहा है। यहां इस पर कांग्रेस के विधायकों और मंत्रियों ने भ्रष्टाचार का जो तांडव मचाया है वह राजस्थान के इतिहास में इससे पहले किसी ने नहीं देखा। राजस्थान में मुख्यमंत्री कोरोना काल के दौरान पूरे छह माह तक आमजनता को भगवान भरोसे छोड़कर खुद महलों में कैद हो गए और आमजन आक्सीजन तथा दवाओं के लिए मारा मारा फिरता रहा। हालात यह रहे कि अस्पतालों में मरीजों को भर्ती करने की जगह नहीं मिली। इसके बाद भी मुख्यमंत्री का दिल नहीं पसीजा। राजस्थान की जनता कांग्रेस के इस कुशासन की राजनीति को समझ गई और भाजपा को मत देने की ठान ली।

तीये की बैठक



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय **सतीश शर्मा** पुत्र श्री रामबाबू शर्मा का आकस्मिक देहावसान दिनांक 23.11.2023 को हो गया। तीये की बैठक शनिवार, 25.11.2023 शाम 3:00 से 4:00 बजे तक निवास स्थान कनकपुरा पर होगी।

शोकाकुल- राजेश, अनिल, कैलाश, सुनील, दिनेश, रमेश, गजानंद, अरुण (भ्राता), अनीश, वैभव (पुत्र) एवं समस्त पहाडिया परिवार



बडे दुख के साथ सूचित कर रहे है कि **कुमारी लक्ष्मी** का निधन 23.11.23 को हो गया। तीये की बैठक 25.11.23 को सांय 3 से 4 बजे निवास बी1 तुलसीदास जी की बगीची जनता कॉलोनी जयपुर पर होगी।

शोकाकुल- महंत कल्याणदास, सूरजनारण, लल्लूलाल (दादा), नारायण (पिता), गगन, कान्हा, गोलू (भाई), गुलाबचंद, सुरेशकुमार, रामबाबू, श्याम (ताऊ) एवं समस्त अग्रावत परिवार।

शोक समाचार



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जा रहा है कि हमारे प्रिय **श्री मृणाल विश्व** (अनूप कुलश्रेष्ठ) का स्वर्गवास दिनांक 24.11.2023 को हो गया है। इनका अंतिम संस्कार प्रातः 9:00 बजे दिनांक 25.11.2023 को आदर्श नगर शमशान घाट पर रखी गई है।

शोकाकुल- ममता (पत्नी), अथर्व (पुत्र), उर्मिल, अशोक शर्मा, वन्दना, अनुज, पूजा एवं समस्त शर्मा एवं कुलश्रेष्ठ परिवार मो.- 8107777846, 9829682372

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

प्रदेश में जब्ती का आंकड़ा 970 प्रतिशत बढ़ा

आदर्श आचार संहिता के दौरान निर्वाचन विभाग के निर्देश पर गठित एफएस, एसएसटी एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा कड़ी निगरानी और निरंतर प्रयासों से राज्य में भारी मात्रा में अवैध नकदी अवैध शराब और अन्य सामग्री जब्त की गई।

- **मतदान दिवस पर निर्वाचन विभाग और एजेंसियों की अवैध नकदी और सामग्री पर रहेगी कड़ी नजर**
- **अब तक 690 करोड़ रुपए मूल्य की नकदी और सामग्री जब्त**

जयपुर, (का.सं.)। चुनाव में धन-बल का दुरुपयोग रोकने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के प्रयासों के अंतर्गत राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 में चुनाव खर्च निगरानी के नए कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। आदर्श आचार संहिता के दौरान निर्वाचन विभाग के निर्देश पर गठित एफएस, एसएसटी एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा कड़ी निगरानी और निरंतर प्रयासों से राज्य में भारी मात्रा में अवैध नकदी अवैध शराब और अन्य सामग्री जब्त की गई। मतदान दिवस पर भी निर्वाचन विभाग और अन्य एजेंसियां अवैध नकदी और अन्य वस्तुओं के परिवहन पर रोक हेतु कड़ी नजर रखेंगी ताकि मतदाताओं को प्रलोभन के जरिए प्रभावित नहीं किया जा सके। जब्ती के साथ-साथ निर्वाचन से जुड़े अधिकारी राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा चुनाव प्रचार में किए जाने वाले खर्च पर भी बारीक नजर बनाए हुए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव-2018 की तुलना में इस वर्ष जब्ती का आंकड़ा 970 प्रतिशत बढ़ कर रिकार्ड स्तर पर पहुंच चुका है। विधानसभा आम चुनाव- 2018 के दौरान आदर्श आचार संहिता की अवधि में कुल 70.8 करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की गई थी। व्यापक स्तर पर चौकसी, पड़ोसी राज्यों से समन्वय और इन्फोर्समेंट एजेंसियों के बीच परस्पर सामंजस्य से राजस्थान विधानसभा आम चुनाव में अवैध नकदी और वस्तुओं के परिवहन और वितरण को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सका है। 24 नवम्बर, 2023 तक राजस्थान में 690 करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की गई है, जिसमें 95.79 करोड़ रुपए की नकदी, 55.18 करोड़ रुपए की शराब, 93.71 करोड़ रुपए मूल्य की ड्रग्स, 74.63 करोड़ रुपए मूल्य की बहुमूल्य धातुएं और 368.53 करोड़ रुपए से अधिक की फ्रीबीज एवं अन्य वस्तुएं शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह में राजस्थान दौरे के दौरान भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर केन्द्र और राज्य की प्रवर्तन एजेंसियों के 3बीच समन्वय और अन्य तैयारियों की व्यापक समीक्षा की थी। जिला कलक्टर्स और जिला पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक में भी मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने निगरानी बढ़ाने और चुनाव में प्रलोभनों के वितरण पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश दिए थे।

प्रदेश में लगातार तीसरी बार 199 सीटों पर आज होंगे मतदान

- **करणपुर से कांग्रेस प्रत्याशी के निधन से एक सीट पर नहीं होगा मतदान**

जयपुर। राजस्थान में विधानसभा चुनाव में रिवाज बना हुआ है। यहां पर इस बार लगातार तीसरी बार मात्र 199 सीटों पर मतदान होंगे। यह पिछले डेढ़ दशक से चला आ रहा है।

इतना ही नहीं हर बार के चुनाव में यहां पर सरकार भी बदल जाती है। श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी और मौजूदा विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर का निधन हो गया है। अब इस सीट पर मतदान बाद में होंगे। वहीं इस सीट पर 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे अब इन 12 प्रत्याशियों को चुनाव का एक बार फिर से मतदान का इंतजार करना होगा।

वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो यह लगातार तीसरी बार ऐसा हो रहा है। जब राजस्थान में 200 विधानसभा सीटों पर चुनाव नहीं हो पाते हैं। साल 2013, 2018 के बाद अब 23 में भी वहीं घटना घट गई है। राजस्थान में इस घटना को लेकर चर्चा तेज हो गई है। मतदान के लिए यहां पर रिवाज कायम होने की बात हो रही है।

कुन्नर कुछ दिन पहले बीमार हुए थे और दिल्ली के एम्स में उनका इलाज चल रहा था। जहां पर उन्होंने आज आखिरी सांस ली है। पिछली बार उन्होंने बड़े मार्जिन से चुनाव जीता था। उनके सामने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पृथ्वी सतपाल सिंह थे, जिन्हें 45000 वोट मिले थे। भारतीय जनता पार्टी को मात्र 44,000 मत मिले थे। इस बार का यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हो गया था। सुरेंद्र पाल सिंह यहां पर भाजपा से विधायक रहे हैं। गुरमीत सिंह कुन्नर यहां से कई बार विधायक रहे। कांग्रेस के लिए यह एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

साल 2013 में चुरू से बसपा प्रत्याशी जगदीश मेघवाल का निधन हो गया था। जिस पर मतदान चुनाव के बाद हुआ था। वहीं 2018 में अलवर की रामगढ़ सीट से बसपा प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह का निधन होने से इस सीट पर मतदान नहीं हुए थे। मगर जब चुनाव हुआ तो कांग्रेस को जीत मिली थी। अब जहां कांग्रेस के दिग्गज नेता कुन्नर का निधन हो गया है। तो इस सीट के समीकरण बदलने लगे हैं। तीसरी बार ऐसा राजस्थान में हो रहा है।

खोया पाया

नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति लि. कि योजना-विद्युत नगर-बी के भूखण्ड संख्या-159 के सोसायटी द्वारा जारी मूल दस्तावेज-आवंटन-पत्र, साईट प्लान, रसीद कहीं गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करें। मिथलेश कुमारी मो.8560030407

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम सुन्दर देवी से बदलकर सुन्दरी पत्नी बजरंग लाल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें निवासी ग्राम लालास, तहसील नावां, जिला नागौर राजस्थान

विवाहोपरान्त मैंने अपना नाम चंचल चौहान से बदलकर चंचल धर्मपत्नी श्री देवी चन्द छीपा कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता-फलैट नं. 402, वेद हाईट 18, इस्कॉन रोड, जयपुर

मेरा TATA AIG LIFE INSURANCE COMAPANY LTD. पॉलिसी नं.C 120549027 में मेरा नाम गौरव था अब मैंने मेरे सभी दस्तावेजों आधार कार्ड, पैन कार्ड, स्कूल के समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम बदलकर निशान्त अग्रवाल पुत्र नरोत्तम कुमार अग्रवाल वार्ड नं. 1 नई कॉलोनी कृषि उपज मण्डी के पास श्रीमाधोपुर (जिला) नीमकाथाना रख लिया है, अतः भविष्य में मुझे निशान्त अग्रवाल पुत्र नरोत्तम कुमार अग्रवाल जाना व पहचाना जावें।

I have change my name after marriage from Deepa Jhamnani to Deepika Jeswani W/o Mukesh Jeswani. R/o 104/16, Vijay Path, Mansarovar, Jaipur (Rajasthan)-302020. In future I will know and recognized me to my above mentation New name.

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत तृतीय
राजस्थान आवासन मण्डल जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर दूरभाष संख्या: 0141-4901853

आम जाहिर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-6/268 मालवीय नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 252.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री हरीश चन्द्र जैन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 9683 दिनांक 19/12/1983 एवं 722 दिनांक 01/04/1985 जारी किया गया। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 18/08/2000 को करवाया गया। श्री हरीश चन्द्र जैन की मृत्यु दिनांक 13/10/2023 को हो जाने के कारण श्री मनोज जैन पुत्र स्व.श्री श्री हरीश चन्द्र जैन के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति, अपंजीकृत वसीयतनामा की छाया प्रति एवं वसीयत में अंकित गवाहो का शपथ पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त श्री मनोज जैन पुत्र स्व.श्री श्री हरीश चन्द्र जैन के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक वृत तृतीय, रा.आ.म.जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना

No. Comml/E-auction/2023/69 Date: 22.11.2023 उक्त के सन्दर्भ में विभिन्न स्टेशनों पर ए.टी.एम. (ATM) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलॉग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किए जा चुके हैं। 1. कार्य का नामः जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ए.टी.एम. (ATM) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन 2. कार्य की अवधिः ए.टी.एम (ATM)-5 वर्ष 3. लॉट के ई-ऑक्शन प्रारंभ की तिथि व समयः ATM: (1) ATM-JU-06 दिनांक 11.12.2023 को 11:00 बजे से 4. वेबसाइट जहाँ से लॉट वाइज ई-ऑक्शन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।: www.ireps.gov.in 1201-AC/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नथ मल सैनी, यह मेरे स्वामित्व का एक प्लॉट नम्बर ई-1/446, चित्रकूट योजना, वैशाली नगर, जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा दीपक कुमार गुप्ता के नाम से जारी मूल आवंटन पत्र (क्रमांक एफ-3 (ई-1/446)/जेडीए/डीडी (आर एंड डीपी) सी के 96 दिनांक 13.09.1996) एवं कब्जा पत्र क्रमांक जविप्रा/उपा. जोन सी-1/97-डी 3533 दिनांक 21.10.1999 एवं जेडीए पट्टे का साइट प्लान जो कि मेरे से चित्रकूट स्टेडियम जयपुर के आसपास दिनांक 11.10.2023 को खो गये, जिसकी रिपोर्ट LR No. 2000047/ 2023 दि. 16.11.2023 को दर्ज करा दी है। उपरोक्त संपत्ति पर SBI बैंक से लोन ले रहे हैं। किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो सम्पर्क करें।

राहुल पारीक, एडवोकेट मो. नं. : 9828099622

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य मोहम्मद अनवर खान पुत्र श्री मोहम्मद अजीज खान, निवासी 11/9, मतदाता नगर, टांसपोर्ट नगर, जयपुर के हैं। चूंकि मेरे अभिभाष्य के पुत्र हम्माद अनवर का व्यवहार मेरे अभिभाष्य व उसके परिजनों के प्रति अच्छा नहीं रहा है वह आये दिन अपराधिक प्रकरणों लिप्त रहता है एवं लोगों से रूपये उधार लेता रहता है जिस वजह से मांगने वाले मेरे अभिभाष्य के घर पर आते रहते हैं इसलिए मेरे अभिभाष्य की छवि समाज में खराब हो रही है, इसलिए मेरा अभिभाष्य अपने पुत्र हम्माद अनवर को अपनी उक्त सम्पत्ति व चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा है अब इससे मेरे अभिभाष्य व परिवार का कोई लेना देना नहीं है। यदि भविष्य में कोई भी प्रकरण पुलिस थाने या न्यायालय में आता है या कोई इनसे संव्यवहार करत है तो उसकी जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी, इनसे मेरे अभिभाष्य व उसके परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

(महेन्द्र शर्मा) एडवोकेट, मो.9828167300

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, टोंक
बिन्टू विरूद्ध हरकेश वगै.
वाद/प्रार्थना पत्र क्लेम याचिका
प्रार्थना-पत्र संख्या - 438/16

नाम प्रभूदयाल पुत्र नामालूम जाति...पता भोजपुरा खुर्द, तहसील-फुलेरा जिला जयपुर (राज.) उक्त.....ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न हैं।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 28 माह 11 सन् 2023 को 10.00 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज दिनांक 18 माह 11 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत

रीडर-मोटर दुर्घटना वाद-न्यायाधिकरण, टोंक (न्यायालय)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधीकरण, जयपुर के पत्रांक F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat. B2(23115) /2022-23 दिनांक 21.09.2023 के द्वारा श्रीमती अख्तरी बेगम सहखातेदार मेहरू त्रिशा खान के खनन पट्टा रेफरेंस नंबर 20211000038736 क्षेत्रफल 1.1260 है. वास्ते खनिज चेजा पत्थर निकट ग्राम गुवाल्दा तहसील तिजारा जिला अलवर के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है।उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कार्यालय में जनसाधारण को देखने के लिए उपलब्ध है एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.enviroment. rajaathan.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2278 दिनांक-23.11.2023

जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 5/28 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 112.50 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री किरण प्रकाश चौधरी पुत्र श्री जी.डी. चौधरी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2380 दिनांक 15.12.1988 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 16.12.1988 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 890 दिनांक 06.08.1991 के द्वारा श्री किरण प्रकाश चौधरी पुत्र श्री जी.डी. चौधरी के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 11.03.1992 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री किरण प्रकाश चौधरी की मृत्यु दिनांक 02.10.2014 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती चन्द्र प्रभा चौधरी पत्नी स्व. श्री किरण प्रकाश चौधरी ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती चन्द्र प्रभा चौधरी पत्नी स्व. श्री किरण प्रकाश चौधरी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर